Hindi Video Dialogue

1. पेस्टिसाइड के कारण होने वाली दुर्घटनाएं और आपात स्थितियां संपत्तियों, पर्यावरण और वन्यजीवों को हानि पहुंचा सकती हैं। उनके कारण अनुप्रयोगकर्ता और प्रथम प्रतिसादकर्ताओं के स्वास्थ्य के लिए संकट उत्पन्न हो सकता है इसके कारण वित्तीय क्षति और देयता दावों का भुगतान भी करना पड़ सकता है।

2. जीएचएस में स्वास्थ्य, शारीरिक और पर्यावरणीय जोखिमों को वर्गीकृत करने के लिए मापदंड शामिल किए गए हैं। इसमें उल्लेख किया गया है कि लेबल और सेफ्टी डेटा शीट (इसे अब के बाद एसडीएस कहा जाएगा) में कौन सी जानकारी शामिल की जानी चाहिए।

3. एसडीएस में उत्पाद और चिकित्सा या प्राथमिक चिकित्सा उपचार के लिए जोखिमों, सावधानियों और प्रतिक्रियात्मक कार्यवाहियों का उल्लेख किया गया है। ऑक्यूपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन (इसे अब के बाद ओएसएचए कहा जाएगा) चाहता है कि नियोक्ता एसडीएस का उपयोग करें और विभिन्न स्थानों पर इसकी प्रतियां रखें।

4. एसडीएस में "पर्यावरण - अनुकूल" उत्पादों के चयन के लिए अधिक तकनीकी जानकारी शामिल है| खंड 12, 13, 14 और 15 वैकल्पिक हैं। हालांकि, इनका उपयोग संघीय या राज्य परिवहन, निस्तारण और जानकारी के अधिकार से संबंधित आवश्यकताओं से जुड़ी जानकारी शामिल करने के लिए किया है|

5. इमरजेंसी रेस्पॉन्स प्लान (इसके बाद इसे ईआरपी कहा जाएगा) आपात स्थितियों को और बदतर स्थितियों में बदलने से रोकता है। सुनिश्चित करें कि एक ऐसा समन्वयक हो जिसके पास आपातकालीन निर्णय लेने, सभी आवश्यक कॉल करने और आवश्यक कागजी कार्रवाई करने का अधिकार हो। कार्यालय, दुकान तथा ट्रकों में आपातकालीन फोन नंबर और संपर्कों की लिस्ट लगाएं।

6. प्लान में उन समस्त महत्वपूर्ण सूचनाओं का उल्लेख होना चाहिए जिसकी आवश्यकता आपातकालीन कर्मियों को पड़ने की संभावना हो।
   - रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति का नाम शामिल करें|
   - घटना का सही स्थान और विवरण
   - पेस्टिसाइड का नाम, मात्रा और वर्गीकरण।
   - क्षति की गंभीरता|
   - पेस्टिसाइड ने सतही जल में प्रवेश किया है या नहीं।

7. अपने पास केन्द्र का विविरणयुक्त मानचित्र रखें, जिसमें निम्न जानकारियां हों:
   - रसायन भंडारण वाले भवनों का लेआउट|
   - थोक भंडारण टैंक, पहुंच सड़कें, बिजली, पानी, गैस बंद करने के स्थान की जानकारी।
   - फायर अलार्म्स, अग्निशामक यंत्र और अन्य आपातकालीन उपकरण|
   - जल प्रवाह की जानकारी और बाड़ या फाटक और ज्वलनशील पदार्थ।
   - आसपास के क्षेत्र से सम्बन्धित सुविधा का प्रदर्शन।

8. इस योजना में केन्द्र पर भंडारित रसायनों की सूची होनी चाहिए जिसमें पेस्टिसाइड, उर्वरकों तथा ईंधनों का मौसमी भण्डारण का विवरण भी होना चाहिए।

9. एनएफपीए हज़ार्ड आइडेंटिफिकेशन सिस्टम एक ऐसा रेटिंग सिस्टम है जो आपातकालीन कर्मियों की सहायता करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह हीरे के आकार वाला चेतावनी संकेत होता है|

10. नीला सेक्शन स्वास्थ्य जोख़िम वाला है|

11. लाल सेक्शन ज्वलनशीलता जोख़िम वाला है|

12. सफ़ेद सेक्शन विशेष जोख़िम वाला है|

13. लाल सेक्शन अस्थिरता वाला है|

14. ज्वलनशील चीज़ों को ऊष्मीय स्रोतों से दूर रखें| फायर डिटेक्टिंग सिस्टम लगाएं और कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित करें।

15. सुनिश्चित करें कि कर्मचारी जगह छोड़ कर निर्दिष्ट स्थान पर जाएँ, और जब सभी कर्मचारी वहां पहुंच जाएँ तो उनकी गिनती करें| तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करें। आपातकालीन अनुकारियों को एसडीएस, लेबल, आपातकालीन योजना और स्थल मानचित्र उपलब्ध कराएं|

16. पानी के प्रवाह और टपकते कीटनाशक को रोकने के लिए बर्म्स का निर्माण करें| अगर आग जल रही है तो उसे स्वयं बुझने देने या उसे बुझाने के विषय में निर्णय अपने विवेकानुसार लें|

17. बीमा एजेंट, र्केन्द्र प्रबंधन को कॉल करें, और राज्य और संघीय एजेंसियों द्वारा निर्धारित किए गए सभी आवश्यक नियामक फोन कॉल्स करें।

18. किसी कीटनाशक का छोटी या बड़ी मात्रा में आकस्मिक बहाव को छलकना कहा जाता है| किसी भी कीटनाशक के छलकने के लिए 3 सी का उपयोग करें: कंट्रोल, कन्टेन और क्लीन। नियंत्रित करने के लिए त्वरित कार्यवाही करें| कुछ करने से पहले उपयुक्त पीपीई पहनें|

19. टपकने वाले डिब्बों को बड़े डिब्बों में रखें| रिसाव को बंद करने का प्रयास करें और सामग्रियों को नए डिब्बों में डालें|

20. दाबानुकूलित प्रणाली से रिसाव रोकते समय, पंप बंद कर दें| छलके हुए स्थानों की कभी भी अनदेखी न करें। इसे फैलने और सतही जल में प्रवेश करने से रोकें।

21. छलकी हुई चीज़ों को नालियां और जलमार्गों से दूर रखने के लिए जल्दी से फावड़े द्वारा बर्म बनायें या छलकने वाली चीज़ के अनुसार सोखनेवाली स्पिल ट्यूब का इस्तेमाल करें|

22. यदि छलकी हुई चीज़ जल प्रणाली को दूषित करती है, तो राज्य, जनजाति या क्षेत्रीय नियामक एजेंसियों से संपर्क करें| ख़तरों और प्रदूषण को कम करने के तरीके जानने के लिए एसडीएस में प्रदान किए गए नंबर पर कॉल करें। 911 नंबर पर कॉल करें। घटनास्थल पर पहुंचने वाले अधिकारियों को जवाब देने के लिए तैयार रहें। आपके पास उत्पाद लेबल, एसडीएस होने चाहिए, और अपनी आपातकालीन योजना का पालन करने के लिए तैयार रहें|

23. छलकाव वाले स्थान को साफ़ करें| किसी भी सोखनेवाली चीज़ और दूषित वस्तु को बहार कर ड्रम में डालें|

24. अगर छलकाव कंक्रीट या डामर पर हुआ है तो सतह को बेअसर करें| एसडीएस पर उल्लेखित निर्देशों का पालन करें|

25. अगर छलकाव मिट्टी पर हुआ है, तो राज्य, जनजाति या क्षेत्रीय एजेंसी आपको बताएगी कि क्या करना है।

26. अपनी गतिविधियों और नियामक प्राधिकरणों, आपातकालीन अनुकारी, समाचार मीडिया और जनता के साथ बातचीत के रिकॉर्ड रखें और फोटो लें। अपने उपकरणों और परिवहन वाहनों के समुचित अनुरक्षण के द्वारा आकस्मिक छलकाव को रोकें|

27. रिसाव और टपकाव फटी हुई पाइपों या ढीले पाइप के क्लैंप से हो सकती है|

28. ड्राइविंग करते समय सेलफ़ोन का उपयोग न करें| दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रक्षात्मक ड्राइविंग तकनीकों का उपयोग करें|

29. प्रत्येक परिवहन वाहन में और पेस्टिसाइड को मिश्रित करने, लादने और रखने के स्थान पर एक छलकाव सफाई किट रखें। सफाई किट में आपातकालीन सहायता के टेलीफोन नंबर, पीपीई, सोखनेवाली सामग्री; तकिए, मिट्टी और कैट लिटर, फावड़ा, झाड़ू और डस्टपैन; और प्रभावशाली डिटर्जेंट शामिल होने चाहिए; अपनी छलकाव किट को प्लास्टिक के डिब्बे में रखें और उसे साफ-सुथरा रखें तथा उसमें नियमित रूप से जरूरी बदलाव करते रहें|

Alabama Cooperative Extension System (Alabama A&M University and Auburn University) is committed to affirmative action, equal opportunity and the diversity of its workforce. Educational programs serve all people regardless of race, color, national origin, age, disability, sex, gender identity, marital status, family/parental status, religion, sexual orientation, political beliefs, reprisal, or because all or a part of an individual's income is derived from any public assistance program.